न्यायालय सहायक कलेक्टर कोर्ट, बाप मुख्यालय

श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत, [illegible]

प्रार्थी गण

1 [illegible]सिंह पुत्र मोहनसिंह

2 जगदीशसिंह पुत्र मोहनसिंह

जाति राजपुरोहित निवासी बापडीकला

तहसील फलोदी जिला जोधपुर।

बनाम

अप्रार्थीगण

01. मोहनसिंह पुत्र गुलसिंह उर्फ गुलाबसिंह

02. [illegible]सिंह पुत्र मोहनसिंह जाति राजपुरोहित निवासी बापडीकला तहसील फलोदी जिला जोधपुर (राज)

03. रमा पुत्री मोहनसिंह पत्नी [illegible]सिंह जाति राजपुरोहित निवासी [illegible] तहसील पचपदरा जिला बाड़मेर

04. [illegible]सिंह पुत्र [illegible]सिंह जाति राजपुरोहित निवासी बापडीकला तहसील फलोदी जिला जोधपुर (राज)

राजस्व प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

मुकदमा नम्बर :–69/2019

उपस्थित

1. श्री करणीसिंह राठौड़ व श्री मदनसिंह भाटी, अधिवक्ता प्रार्थीगण की ओर से
2. श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी अधिवक्ता अप्रार्थीगण संख्या 1, 2 व 4 की ओर से।
3. अप्रार्थी संख्या 3 की ओर से कोई हाजिर नहीं।

निर्णय

दिनांक : 30/05/19

...प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र का सारांश इस प्रकार है कि सरहद ग्राम भाखरिया पटवार क्षेत्र ...र तहसील बाप जिला जोधपुर में खेत खसरा नम्बर 1284 रकबा 83.17 बीघा काश्त भूमि ...ण एंव अप्रार्थीगण संख्या 1 से 3 की पीढियों से कदीमी पैतृक काश्त भूमि है। प्रार्थीगण एंव ...गण संख्या 1 से 3 गुलसिंह उर्फ गुलाबसिंह के वारिसान् है। उक्त भूमि प्रार्थीगण एवं ... संख्या 2 ता 3 के दादा एवं अप्रार्थी संख्या 1 के पिता गुलसिंह उर्फ गुलाबसिंह के नाम ... अधिकार अभिलेख में वक्त भू–प्रबंध दर्ज अभिलेख होने से वादग्रस्त भूमि प्रार्थीगण एंव ...गण संख्या 1 से 3 की कदीमी पैतृक भूमि है जिसमें प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण संख्या 1 से ...जन्म से ही हक हिस्सा निहित है। वादग्रस्त पैतृक काश्त भूमि खसरा नम्बर 1284 रकबा ...बीघा काश्त भूमि पीढियों से कदीमी पैतृक काश्त भूमि होने से प्रार्थीगण संख्या 1 व 2 ...का 1/5 – 1/5 हिस्सा, अप्रार्थीगण 1 ता 3 प्रत्येक का 1/5 – 1/5 हिस्सा है। ... उपरोक्त हिस्सेनुसार पैतृक काश्त भूमि पर प्रत्येक वर्ष अपने बंट व अधिकार अनुसार ...र फसल एव प्राकृतिक पैदावार का उपयोग उपभोग करते आ रहे है। दिनांक 04.02. ... प्रार्थीगण उक्त वादग्रस्त भूमि में अपने हिस्सा की भूमि में सूड कर खाद डाल रहे थे ...र्थी संख्या 1 ने सूड करने से मना किया और बेदखल करने और उक्त भूमि को आगे

सहायक कलक्टर
बाप (जिला जोधपुर) राज.

Scanned by CamScanner

...की धमकी दी और अप्रार्थी संख्या 1 ने दिनांक 08.02.2019 को उक्त भूमि में से 10 ...अप्रार्थी संख्या 4 को बेचान कर दी। इसलिये प्रार्थीगण अपने पक्ष में और अप्रार्थी ...के विरुद्ध इस आशय की अस्थाई निषेधाज्ञा जारी करवाने के हकदार है कि ग्राम ...प्रकार से। शेखासर तहसील बाप जिला जोधपुर में स्थित खसरा नम्बर 1284 रकबा 83. ...में अप्रार्थी संख्या 1 प्रार्थीगण के हिस्से की कब्जाकाश्त की भूमि में किसी प्रकार की ...अप्रार्थी न तो स्वयं करे और न ही किसी अन्य से करावें और न ही कोई बेचान या ...न ही करे और मौके एंव राजस्व अभिलेख की यथास्थिति बनाये रखे।

...प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब ...किया गया। अप्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी उपस्थित आये। अप्रार्थीगण ...की ओर से जवाब दावा प्रस्तुत किया जिसका सारांश इस प्रकार है कि उक्त वादग्रस्त भूमि ...प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण की पैतृक सम्पति नहीं है। उक्त भूमि अप्रार्थी संख्या 1 की एकल ...खातेदारी की भूमि है जो भूमि अप्रार्थी संख्या 1 को जरिये बंटवारा नामांतरकरण संख्या 8/246 ...शेखासर के प्राप्त हुई है इस प्रकार उक्त भूमि पैतृक सम्पति नहीं है हिन्दू उत्तराधिकार ...नियम के तहत कोई भी अचल सम्पति को पैतृक सम्पति जो लगातार चार पीढ़ियों से ...चली आ रही है और उसी सम्पति को पैतृक सम्पति माना जाता है। उक्त भूमि तो बकत ...सेटलमेंट के समय गुलसिंह उर्फ गुलाबसिंह पुत्र पन्नेसिंह के नाम दर्ज थी। उक्त भूमि पैतृक ...नहीं है। इसलिये उक्त भूमि में प्रार्थीगण को कोई हक अधिकार निहित नहीं होते है ...प्रार्थीगण उक्त भूमि में प्रार्थीगण किसी प्रकार के खातेदारी अधिकारी की घोषणा करवाने ...अधिकारी नहीं है और अप्रार्थी संख्या 1 उक्त भूमि का रेकर्डेड खातेदार है जिसको उक्त भूमि ...उपयोग उपभोग व अंतरण करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। इसलिये प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत ...गलत एंव मिथ्या कथनों पर आधारित होने से खारिज किया जावे।

...वकीलान पक्षकारान की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में ...तथ्यों को दोहराते हुये कहा कि 83.17 बीघा काश्त भूमि प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण संख्या 1 ...की पीढ़ियों से कदीमी पैतृक काश्त भूमि है। प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण संख्या 1 से 3 ...सिंह उर्फ गुलाबसिंह के वारिसान है। उक्त भूमि प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 2 ता 3 के ...एवं अप्रार्थी संख्या 1 के पिता गुलसिंह उर्फ गुलाबसिंह के नाम राजस्व अधिकार अभिलेख ...बकत भू–प्रबंध दर्ज अभिलेख होने से वादग्रस्त भूमि प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण संख्या 1 से 3 की ...कदीमी पैतृक भूमि है जिसमें प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण संख्या 1 से 3 का जन्म से ही एक हिस्सा ...निहित है। वादग्रस्त पैतृक काश्त भूमि खसरा नम्बर 1284 रकबा 83.17 बीघा काश्त भूमि पीढ़ियों ...से कदीमी पैतृक काश्त भूमि होने से प्रार्थीगण संख्या 1 व 2 प्रत्येक का 1/5 – 1/5 हिस्सा, ...अप्रार्थीगण 1 ता 3 प्रत्येक का 1/5 – 1/5 हिस्सा है। दिनांक 04.02.2019 को प्रार्थीगण उक्त ...वादग्रस्त भूमि में अपने हिस्सा की भूमि में सूड़ कर खाद डाल रहे थे तब अप्रार्थी संख्या 1 ने ...सूड़ करने से मना किया और बेदखल करने और उक्त भूमि को आगे बेचान करने की धमकी दी ...और अप्रार्थी संख्या 1 ने दिनांक 08.02.2019 को उक्त भूमि में से 10 बीघा भूमि अप्रार्थी संख्या 4 ...को बेचान कर दी। इसलिये प्रार्थीगण अपने पक्ष में और अप्रार्थी संख्या 1 के विरुद्ध इस आशय ...की अस्थाई निषेधाज्ञा जारी करवाने के हकदार है।

वकील अप्रार्थीगण ने अपनी बहस में जवाब प्रार्थना पत्र के तथ्यों को दोहराते हुये कहा कि प्रार्थी ने उक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर उक्त वादग्रस्त भूमि प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण की पैतृक सम्पति नहीं है। उक्त भूमि अप्रार्थी संख्या 1 की एकल खातेदारी की भूमि है जो भूमि

सहायक कलक्टर
बाप (जिला जोधपुर) राज.

Scanned by CamScanner

...र्थी सख्या 1 को जरिये बंटवाड़ा नामांतरकरण सख्या 8/246 मौजा शेखासर के प्राप्त हुई है ...स दफार उक्त भूमि पैतृक सम्पति नही है हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत कोई भी अचल ...त्ती को पैतृक सम्पति जो लगातार चार पीढ़ियो से उत्तरोत्तर चली आ रही है और उसी ...त्ती को पैतृक सम्पति माना जाता है। उक्त भूमि तो गत सेटलमेंट के समय मूलसिंह उर्फ ...लसिंह पुत्र पन्नेसिंह के नाम दर्ज थी। उक्त भूमि पैतृक सम्पति नही है। इसलिये उक्त भूमि ...र्थीगण को कोई हक अधिकार निहित नही होते है इसलिये प्रार्थीगण उक्त भूमि मे प्रार्थीगण ...सी दफार के खातेदारी अधिकारो की घोषणा करवाने के अधिकारी नही है और अप्रार्थी संख्या ...उक्त भूमि का रेकर्डड खातेदार है जिसको उक्त भूमि को उपयोग उपभोग व अंतरण करने का ...अधिकार प्राप्त है। अंत में वकील अप्रार्थीगण ने प्रार्थी का प्रार्थना पत्र गलत एंव मिथ्या ...थ्यो पर आधारित होने से मय हर्जा खर्चा खारिज किये जाने का आदेश फरमावे।

हमनें पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया। बहस पर मनन किया। बाद ...वलोकन पाया गया कि खसरा नम्बर 1284 रकबा 83.17 बीघा भूमि वर्तमान मे अप्रार्थी सख्या 1 ...के नाम दर्ज है उक्त भूमि अप्रार्थी संख्या 1 को जरिये बंटवाड़ा नामांतरकरण सख्या 8/246 ...मौजा शेखासर के जरिये प्राप्त हुई है, उक्त भूमि अप्रार्थी सख्या 1 को अपने पिता या पूर्वजों से ...विरासत मे प्राप्त नही हुई है जो भूमि पैतृक सम्पति की श्रेणी में नहीं आती है न ही प्रार्थीगण ने ...उक्त भूमि पैतृक सम्पति होने बाबत् कोई दस्तावेजीय साक्ष्य ही प्रस्तुत की है जो राजस्व रेकर्ड ...से स्पष्ट है। अप्रार्थी संख्या 1 उक्त भूमि के रेकर्डड खातेदार है जिसे अपने नाम दर्ज भूमि को ...हस्तांतरण करने का पूरा पूरा अधिकार है। अप्रार्थी सख्या 4 उक्त भूमि का सद्भाविक क्रेता है। ...इसलिये सुविधा का संतुलन एवं प्रथम दृष्टया मामला एवं अपूर्णीय क्षति का बिन्दु अप्रार्थीगण के ...पक्ष में है तथा अप्रार्थी सख्या 1 उक्त वादग्रस्त भूमि के रेकडर्ड खातेदार है और अप्रार्थी संख्या 4 ...उक्त भूमि का सद्भाविक क्रेता होने से उनके विरूद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा ताफैसला मूल वाद जारी ...किया जाना न्यायहित में उचित प्रतीत नही होता है। सम्पूर्ण विचारण एवं अवलोकन से प्रार्थना ...पत्र प्रार्थी सारहीन पाया जाता है एवं प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अस्वीकार किये जाने योग्य पाया ...जाता है।

आदेश

प्रार्थना पत्र प्रार्थी सारहीन पाया जाने से दिनांक 28.02.2019 को जारी अंतरिम स्थगन ...आदेश निरस्त किया जाता है और उनवान प्रार्थना पत्र प्रार्थी खारिज किया जाता है। पत्रावाली ...दाखिल सुमार होकर नम्बर से कम हो और संलग्न दावा रहे।

निर्णय सरे ईजलास आज दिनांक 30/5/19 को सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर
बाप (जिला जोधपुर), राज

Scanned by CamScanner